# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-745**

**दिनांक 31.03.2025**

## जोन- दक्षिणी/थाना- सुशान्त गोल्फ सिटी

- **शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**01- संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 31.03.2025 को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी टीम को झिल्झिला पुरवा मे पिता बेटे के मध्य विवाद होने की सूचना प्राप्त हुयी प्राप्त सूचना के आधार पर उ0नि0 शिवाकांत तिवारी मय पुलिस टीम के रवाना होकर झिल्झिला पुरवा पर पहुँचे तो देखा कि मिथलेश पुत्र श्री राम निवासी झिल्झिला पुरवा थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, जनपदल लखनऊ उम्र 45 वर्ष अपने पिता श्री राम पुत्र स्व ० सुखाई निवासी झिल्झिला पुरवा थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, जनपद लखनऊ उम्र 85 वर्ष के साथ आमादा फसाद हो रहा है तथा शोर करते हुए शांति व्यवस्था भंग कर रहा है, पुलिस बल द्वारा समझाने का प्रयास किया गया परन्तु मिथलेश उपरोक्त लगातार उग्र होकर उत्तेजित होने लगा, और शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने लगा, मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने व संज्ञेय अपराध निवारण हेतु अभियुक्त मिथलेश पुत्र श्री राम निवासी झिल्झिला पुरवा थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, जनपद लखनऊ उम्र 45 वर्ष को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस गिरफ्तार किया मिथलेश उपरोक्त का चालान अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया।

**02-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. मिथलेश पुत्र श्री राम निवासी झिल्झिला पुरवा थाना सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ उम्र-45 वर्ष

**03-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना - सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-743**

**दिनांक- 31.03.2025**

**जोन - दक्षिणी/थाना-कृष्णानगर**

- **वादिनी की नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाला 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 13.11.2024 को वादिनी मुकदमा की लिखित सूचना पर मु0अ0सं0-539/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात व्यक्ति, बावत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादिनी मुकदमा की पुत्री उम्र 15 वर्ष को बहला फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री रवि गोयल द्वारा सम्पादित की जा रही है।

मुकदमा उपरोक्त में अपहर्ता/पीड़िता की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 02 टीमें गठित की गयी। जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज अवलोकन, सीडीआर अवलोकन, ग्राउण्ड सूचना की सहायता से घटना में संलिप्त 01 नफर अभियुक्त राशी कपूर उर्फ शशिकपूर पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी ग्रा0 कमण्डलपुर थाना रेउना तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर उम्र-23 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 31.03.2025 को नहर चौराहा थाना कृष्णानगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पीड़िता/अपहर्ता की बरामदगी पुर्व में की जा चुकी है। पीड़िता/अपहर्ता बयान व मेडिकल परीक्षण के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 64 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी, अन्य कार्यवाही की जा रही है।

**02-पंजीकृत अभियोग-**

01-मु0अ0सं0-539/2024 धारा 137(2)/64 बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट कोतवाली कृष्णानगर लखनऊ।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता/व्यवसायः-**

01-राशी कपूर उर्फ शशिकपूर पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी कमण्डलपुर थाना रेउना तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर उम्र-23 वर्ष।

**04-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

- कोतवाली कृष्णानगर पुलिस टीम, कमिश्नरेट लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-746**
**दिनांक-31.03.2025**

**जोन- पूर्वी/ थाना- गोमतीनगर**

- **गोमतीनगर में नकली नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे चोर को किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से कृष्णानगर से चोरी हुई इनोवा नकली नंबर प्लेट के साथ बरामद।**

**01-सक्षिप्त विवरण:-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 30.03.2025 को वादी के प्रा0 पत्र बावत प्रतिवादी द्वारा अपने वाहन में वादी की गाडी इनोवा की नम्बर प्लेट UP32HD5708 का उपयोग कर चलाने विषयक प्राप्त हुआ था जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर तत्काल मु0अ0सं0– 138/2025 धारा 347(1)/318(4) बी.एन.एस पंजीकृत होकर विवेचना आदेशानुसार श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय के उ0नि0 श्रीमती प्रियंका राठौर को सुपुर्द हुयी थी।

आज दिनांक 31.03.2025 को म0उ0नि0 प्रियंका राठौर मय उ0नि0 अशोक कुमार यादव के मु0अ0सं0 138/2025 धारा 347(1)/318(4) बी.एन.एस. की विवेचना में मशरुफ होकर तलाश माल व मुल्जिम के क्षेत्र में मामूर थी कि मुखबिर की सूचना पर खरगापुर क्रासिंग गोमतीनगर से अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ शिवा उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 पूरन लाल निवासी 12/15 ब्लाक काशी राम कालोनी हंस खेडा थाना पारा जनपद लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।एवं उसके कब्जे से इनोवा गाडी बरामद की गयी ।

उक्त वाहन पर लगी नम्बर प्लेट UP32HD5708 के बारे में जानकारी की गयी तो उक्त वाहन श्री गुरु चरन सिंह पुत्र जयसिंह निवासी 3/17 विकासखंड गोमतीनगर लखनऊ चेचिस न0 MBJGB8EM202004616-0716 व इंजन न0 2 GD019835 पंजीकरण तिथि जुलाई वर्ष 2016 मोटर कार LMV इनोवा कृष्टा रंग सुपर व्हाईट होना पाया गया। जबकि बरामद शुदा वाहन के चेचिस न0 MBJJB8EM901627159-0822 को ई चालान एप से चेक किया गया तो उक्त वाहन सुशील कुमार वर्मा पत्र कन्हैया लाल वर्मा निवासी 1228 एसएस 2डी1 सेक्टर डी1 एलडीए कालोनी कानपुर रोड लखनऊ रजि0 नं0 UP32 RN3969 व चेचिस न0 MBJJB8EM901627159-0822 तथा इंजन न0 2GDA670435 पंजीकरण तिथि 25 अगस्त 2022 व इनोवा क्रिस्टा 2.4G(MT) रंग सुपर व्हाईट होना पाया गया।

उक्त वाहन के सम्बंध में थाना कृष्णानगर लखनऊ पर मु0अ0सं0 177/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा थाना कृष्णानगर क्षेत्र से इनोवा गाडी को चोरी करके नम्बर प्लेट बदलकर चलाया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02- गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—**

1- सुनील कुमार उर्फ शिवा उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 पूरन लाल निवासी 12/15 ब्लाक काशी राम कालोनी हंस खेडा थाना पारा जनपद लखनऊ।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त शिवा उर्फ गुड्डू उपरोक्त:-**

1- मु0अ0सं0 138/2025 धारा 347(1)/318(4)/338/336(3)/340(2)/317(2) बी.एन.एस एक्ट थाना गोमतीनगर लखनऊ

**नोट- अभियुक्त उपरोक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-744**
**दिनांक-31.03.2025**

**जोन- उत्तरी/ थाना-गाजीपुर**

- **थाना गाजीपुर व सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा/पीड़ित को 72 घण्टे में सकुशल बरामद किया।**

**01-सक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 27.03.25 को आवेदिका द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से पति प्रवीण गर्ग उम्र 52 वर्ष दिनांक 27.03.2025 समय सुबह 09.45 बजे घर से कार्यालय के लिये जान व वापस न आने के सम्बन्ध में सूचित किया। आवेदिका के उपरोक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी संख्या 022/2025 दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक गाजीपुर द्वारा घटना को चुनौतीपूर्ण लेते हुए 03 टीमें गठित कर पीड़ित/गुमशुदा की तलाश प्रारम्भ की गयी।

दिनांक 30.03.2025 को थाना गाजीपुर व सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जमीनी सूचनातंत्र, तकनीकी व अभिसूचक का सहारा लेते हुए विशेष अभियान चलाकर गुमशुदा प्रवीण गर्ग पुत्र स्व0 विजय कुमार अग्रवाल नि0 ए-1156 इन्दिरानगर थाना गाजीपुर लखनऊ को सकुशल बरामद किया गया। तथा गुमशुदा को उसके परिजन को सकुशल सुपुर्द किया गया। गुमशुदा के परिजनों द्वारा पुलिस टीम व उत्तर प्रदेश पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

**03-पीड़ित/गुमशुदा का विवरण—**

1.प्रवीण गर्ग पुत्र स्व0 विजय कुमार अग्रवाल नि0 ए-1156 इन्दिरानगर थाना गाजीपुर लखनऊ

**06-पीड़ित/गुमशुदा को बरामद करने वाली पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विकास राय थाना गाजीपुर लखनऊ
2. उ0नि0 श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह सर्विलांस सेल उत्तरी लखनऊ
3. उ0नि0 श्री अजय कुमार थाना गाजीपुर लखनऊ
4. उ0नि0 श्री धनपाल थाना गाजीपुर लखनऊ
5. प्रशिक्षु उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना गाजीपुर लखनऊ
6. प्रशिक्षु उ0नि0 श्री प्रमोद चौधरी थाना गाजीपुर लखनऊ
7. हे0का0 बालकुश यादव थाना गाजीपुर लखनऊ
8. हे0का0 अमित कुमार सर्विलांस सेल उत्तरी लखनऊ
9. हे0का0 संतोष कुमार सर्विलांस सेल उत्तरी लखनऊ
10. का0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह सर्विलांस सेल उत्तरी लखनऊ